MY FM CAMPAGIN

राजकुमारी भी जिएगी आम जिंदगी : डॉक्टर्स

सिटी रिपोर्टर • 94.3 माय एफएम, रायपुर इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेस और मोनिका बिल्डर्स एंड डेवलपर्स के सहयोग से 'एक दीया राजकुमारी के नाम' से कैंपेन चलाया जा रहा है। इस कैंपेन से जुड़कर अब तक बहुत से लोगों ने मदद के लिए हाथ बढ़ाया है। इससे राजकुमारी और उसके परिवार को उम्मीद की एक किरण जगी है कि अब राजकुमारी आम जिंदगी जी पाएगी।

राजकुमारी एक शारीरिक विकार से ग्रसित है, जिसका डॉ. अनिल दुबे के ऑब्जरवेशन में इलाज चल रहा है। डॉक्टर का मानना है कि राजकुमारी के केस में पेशेंट की खुद की विल पॉवर ही आधा काम आसान कर देती है। ऐसे मामले में इंसान की इच्छा शक्ति के दम पर ठीक होने की कोशिश में रिजल्ट जल्दी और पॉजिटिव मिलते हैं। अगर आप को भी राजकुमारी के लिए कुछ करना चाहते हैं तो माय एफएम के ऑफिस आएं और आरजेस से खरीदिये दीये और उनके बदले में कीजिए जितना भी मन करे डोनेट। आप के द्वारा किया हुआ डोनेशन राजकुमारी की जिंदगी में लाएगी खुशियों की रोशनी। अधिक जानकारी के लिए सुनते रहिये 94.3 माय एफएम जियो दिल से।